हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 दिसंबर नवंबर 2025
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान
अधिकतम 17.2 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

4
जहां से ओडिशा के कोचिया छग में लाते थे धान, उस रास्ते में किया दो-दो फीट गड्ढा

सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना एनुअल डे सेलिब्रेशन

शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के बढ़ते कदम से होता है स्कूल का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के एनुअल डे सेलिब्रेशन विधायक गोमती साय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मंच पर विधायक गोमती साय का सुनील खलखो ने स्वागत किया। मण्डल अध्यक्ष अंकित बंशल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में गोमती साय, अंकित बंशल, सुनील अग्रवाल, डॉक्टर फादर अल्फ्रेड टोप्पो, सुनील खलखो, डाक्टर जेम्स मिंज, सिलास टोप्पो ने दीप प्रज्वलित किया।

सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल सेलिब्रेशन डे में कुल 23 कार्यक्रम पेश किए गए जो सभी एक से बढ़कर एक थे। स्कूली बच्चो ने सभी धर्मों का सम्मान करने स्वछता का संदेश बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ के सन्देश दिए। साथ में अपनी संस्कृति को जानते हुए उसे अपनी भाषाओं में समझाते हुए कार्यक्रम पेश किए गए। खासकर छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किये गए डांस को खूब सराहा गया। हाथों में रंग बिरंगे रिबन लिए खूब मस्ती के साथ नाचते बच्चों को देखते बन रहा था। छत्तीसगढ़ से लेकर मिजोरम तमिल, कर्नाटका,

⏭ शेष पेज 4 पर

ST. XAVIER'S ENGLISH MEDIUM SCHOOL PATHALGA
Dist. Jashpur - 496118, Chhattisgarh
EDUCATION FOR A HOPE-FILLED FUT
सुस्वागतम्
HEARTY

शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने की अथक मेहनत

सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य सुनील खलखो ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय ने हमारा निमन्त्रण स्वीकारा और हमारे मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बीच मौजूद रहे। हम उनके बहुत आभारी है। स्कूल सेलेब्रेशन कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा स्थानीय, सांस्कृतिक, सामाजिक, एवं देशभक्ति के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। जिसके लिए स्कूल के शिक्षक और छात्र छात्राओं ने अथक मेहनत की है। जिस तरह आप सभी जानते है कि हमारे स्कूल के बेंड ने राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर में अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यहां मौजूद सभी अभिभावक ही स्कूल के ताकत है। आप के बच्चो की पढ़ाई को अब्बल रखने हमारा प्रयास निरन्तर जारी रहेगा।

शिक्षा बनाता है भविष्य

सेलिब्रेशन डे के गेस्ट डॉक्टर फादर अल्फ्रेड टोप्पो जो येसु समाज के मध्यप्रदेश कार्यक्षेत्र के प्रमुख है। उन्होंने एनुवल सेलिब्रेशन डे में अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि स्कूल के रंगारंग कार्यक्रम में गेस्ट बनने से गौराान्वित हूं। कार्यक्रम स्थल के बैकग्राउंड में लिखे गए शब्दों की ब्याख्या करते हुए बताया एजुकेशन फॉर होप फील्ड फिवचर शिक्षा ही भविष्य बनाता है। किसी भी स्कूल का नाम उसके छात्र छात्राओं के द्वारा पढ़ाई के क्षेत्र में बढ़ते हुए कदम से ही मिलता है। स्कूल ही छात्र छात्राओं का भविष्य बनाने में मदद करता है। जितना स्कूल का काम पढ़ाना लिखाना है उतना ही अभिभावकों का भी कर्तब्य है कि अपने बच्चों को आगे बढ़ने में हर सम्भव मदद करें। अपने बच्चो को मोटिबेट करते रहे अच्छे संस्कार दे।

ये रहे मौजूद

सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल एनुवल सेलिब्रेशन डे के कार्यक्रम में लगभग 4 हजार लोगो की संख्या रही पूरा स्कूल मैदान खचाखच भरा रहा जिसमे स्कूली बच्चो के साथ अभिभावको के साथ सेंट जेवियर्स हिंदी मीडियम स्कूल के फादर अनुप तिग्गा, फादर राबर्ट तिग्गा, दीपक तिर्की, सेबास्टियन लकड़ा, विरेन्द्र खलखो, कश्मीर एक्का प्रीतम प्रकाश पन्ना, बिमल धुर्वे, अमर महतो नरेश यादव, डॉक्टर अनिता मिंज, डॉक्टर शकुंतला निकुंज होलिक्राश हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल पुष्पा एक्का, एवं अन्य मौजूद रहे।

विधायक साय ने प्रस्तुतियों को सराहा

एनुवल सेलिब्रेशन डे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोमती साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि बहुत अच्छा लगा इस कार्यक्रम में आकर बच्चों ने अपने नाट्य कला एवं डांस के द्वारा अनेक तरह के सामाजिक ,स्वास्थ्य, स्वच्छता अपनी संस्कृति से लेकर अन्य राज्यों की संस्कृति एवं देशभक्ति को दिखाया जो अद्भुत है। मैंने सभी धर्मों को पढा है। हम लोग आदिवासी मूल से आते हैं मैं जंगलों के बीच से यहां तक का सफर किया है। आप स्कूलों में आदिवासी कल्चर को भी बताए भारत को आजादी दिलाने में आदिवासी समुदाय का भी भरपूर सहयोग रहा है। वे अपने तरीके से लड़ाई लड़ने को जाने जाते थे उनमें से मुख्य बिरसा मुंडा भी थे जो हमारे झारखंड राज्य से थे स्कूलों के बच्चो को अंग्रेजी के साथ हिंदी भी समझनी चाहिए।

खबर संक्षेप

चक्र पूजा का समापन जुलूस में थिरके श्रद्धालु

जशपुरनगर। नारायणपुर में आयोजित पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ चक्र पूजा का रविवार को समापन हो गया। बीते पांच दिनों से नारायणपुर क्षेत्र में विष्णु महायज्ञ चक्र पूजा को लेकर भारी चहल-पहल रही वहीं पंडाल में प्रतिदिन होने वाले धार्मिक आयोजनों की धूम मची रही। क्या महिला, क्या पुरूष और क्या बच्चे सभी भक्ति में लीन होकर कल्याण की कामना करते रहे। वर्षों से चली आ रही चक्र पूजा की यह परंपरा के नारायणपुर में 5 दिनों तक धूमधाम से चली। जिनका विसर्जन रविवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाल कर स्थानीय तालाब में किया गया। दो बजे भव्य जुलूस पंडाल से प्रारंभ होकर अटल चौक मुख्य मार्ग होते जय स्तम्भ चौक पहुंचा। यात्रा में स्थानीय लोगों के साथ आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।विसर्जन जुलूस में काफी संख्या में महिलाएं पुरुष,बच्चे शामिल हुए. जुलूस के दौरान महिलाओं का हुजूम भक्ति गीतों पर थिरकता रहा। अमृत सरोवर के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया।

कनकपुर हाई स्कूल में छात्राओं को सायकल का वितरण

रामानुजगंज। जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के कनकपुर हाई स्कूल में छत्तीसगढ़ साशन की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9 वीं की छत्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ट भाजपा नेता जय प्रकाश गुप्ता, शैलेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, अनोज यादव, राजकुमार यादव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुशवाहा, पवन गुप्ता, रामवतार यादव, राम प्रवेश सिंह, शिवकुमार यादव, कपिलदेव सिंह, राजेश सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

50 के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

अंबिकापुर। सूरजपुर जिला कलेक्टर कार्यालय के लोहे के गेट में तोड़फोड़ और उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने 50 से अधिक अभाविप कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। अभाविप कार्यकर्ताओं पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नारेबाजी करने का आरोप है। इस दौरान एक पुलिसकर्मी को चोट भी आई है। इस मामले में सूरजपुर डीईओ की शिकायत के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। बता दें कि 26 नवम्बर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विकासखंड स्तर पर समस्याओं को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था इसके बाद 28 नवम्बर को अभाविप पदाधिकारी व कार्यकर्ता विद्यालयों की समस्याओं के साथ ही छात्र को रस्सी से लटकाने जैसे मामलों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे। आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर 3 बजे अभाविप जिला संयोजक विकास ठाकुर के नेतृत्व में 50 से अधिक लोग संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के समक्ष एनएच 43 पर एकत्रित हुए और उसके बाद कलेक्टोरेट मुख्य द्वार को धकेलते हुए व मौजूद पुलिसकर्मियों से धक्का मुक्की करते हुए वे कलेक्टोरेट परिसर में घुस आए और कलेक्टर चेंबर के बगल में स्थित पोर्च में लगे गेट के लोहे के ग्रिल को झंकझोर कर तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान लोहे का ग्रिल क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही धक्का मुक्की के दौरान पुलिसकर्मी को चोट लगी। प्रदर्शनकारियों के 5 मिनट तक परिसर के अन्दर बैठकर नारेबाजी की। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा की शिकायत पर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में अभाविप जिला संयोजक विकास ठाकुर समेत 50 से अधिक लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 190, 191(2) व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 19८४ की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सोशल मीडिया पर दोस्ती, झांसे में लेकर बनाया अश्लील वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- वीडियो किया वायरल, आरोपी गिरफ्तार
- पत्थलगांव में मिलने पहुंचा तो पुलिस ने दबोचा

सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती को झांसे में लेकर अश्लील वीडियो बनाने और बाद में उसे वायरल करने वाले आरोपी युवक को बागबहार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवती से मिलने पत्थलगांव पहुंचा था, जहां पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। आरोपी के खिलाफ भा.द.वि. की धारा 354(घ), 509(ख) एवं बीएनएस की धारा 78, 79 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, थाना बागबहार क्षेत्र की 23 वर्षीय युवती ने 28 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021 में आरोपी विकास नोनिया उम्र 22 वर्ष, निवासी झारखंड ने फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। रिक्वेस्ट स्वीकार होने के बाद दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही और नजदीकियां बढ़ती गईं। इसी दौरान आरोपी ने वीडियो कॉल पर युवती का अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 26 फरवरी 2024 को आरोपी ने युवती को रायपुर बुलाया और नहीं आने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। डर के कारण युवती रायपुर पहुंची, जहां से आरोपी उसे बस में बैठाकर झारखंड स्थित अपने घर ले गया, जहां युवती तीन दिनों तक उसके साथ रही।नानी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर युवती अपने गांव लौट आई। वापस आने के बाद आरोपी लगातार युवती को अपने पास बुलाता रहा और मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा। भय के कारण युवती ने उससे बातचीत बंद कर दी। इसके बाद आरोपी ने युवती के नाम से फेक आईडी बनाकर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया और परिजनों को भेजकर वायरल कर दिया।

पुलिस ने की घेराबंदी

घटना की गंभीरता को देखते हुए बागबहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान सूचना मिली कि आरोपी युवती से मिलने पत्थलगांव आया है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल किया और उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस महिलाओं से संबंधित अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। ऐसे मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

फरसाटोली में लक्ष्मी पूजन महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- पूर्व विधायक रामपुकार सिंह बोले- समाज को एकता के सूत्र में पिरोते हैं धार्मिक आयोजन

चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरसाटोली के चौहान पारा में विगत पांच दिनों से चल रहे 'सार्वजनिक मां लक्ष्मी पूजन महोत्सव' का शनिवार को हवन-पूजन और मूर्ति विसर्जन के साथ भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं अजजा सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष रामपुकार सिंह ने शिरकत की।

धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति की पहचान की बात कहते हुये रामपुकार सिंह ने समापन समारोह को संबोधित किया। मुख्य अतिथि रामपुकार सिंह ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अपने व्यक्तव्य में उन्होंने कहा, ₹धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ही हमारी असली पहचान हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर आने का मौका मिलता है, जिससे आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। चौहान समाज द्वारा लक्ष्मी पूजा के साथ-साथ कर्मा प्रतियोगिता का आयोजन कर अपनी लोक संस्कृति को बचाने का जो प्रयास किया गया है, वह अत्यंत सराहनीय है। हमें अपनी परंपराओं को इसी तरह सहेज कर रखना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे।

भक्तिमय माहौल में हुई पूर्णाहुति शनिवार सुबह से ही पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हवन और पूर्णाहुति का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात गाजे-बाजे के साथ मां लक्ष्मी की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में माताएं-बहनें और युवा थिरकते हुए नजर आए। आतिशबाजी कर गुलाल उड़ेलकर मातारानी की विदाई की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद सदस्य सुजाता प्रवीण शर्मा ने भी समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्ना पैंकरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह सिदार, पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण शर्मा, मुकेश पैंकरा, सरपंच चंद्रावती पैंकरा और उपसरपंच तारा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कर्मा विजेताओं का हुआ सम्मान

शनिवार को आयोजित कर्मा प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पारंपरिक मांदर की थाप पर थिरकते नर्तक दलों ने समां बांध दिया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष मानिक राम चौहान, सचिव सचित चौहान, कोषाध्यक्ष पुस्तम चौहान, फुलेश्वर चौहान, लाल प्रसाद चौहान एवं समस्त चौहान समाज व ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

ग्राम पंडरीपानी में 870 बोरा अवैध धान जब्त

जशपुरनगर। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान खरीदी, बिक्री एवं भंडारण पर रोक लगाने चलाए जा रहे विशेष अभियान को एक और सफलता मिली है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) फरसाबहार के औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम पंडरीपानी में दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में अवैध धान भंडारित पाया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कुल 870 बोरे, लगभग 400 क्विंटल धान अनधिकृत रूप से संग्रहित पाया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त धान किसी भी पंजीकृत खरीदी केंद्र अथवा अधिकृत विक्रेता के खाते में दर्ज नहीं था और इसे बिना वैध दस्तावेजों के भंडारित किया गया था। अवैध भंडारण की पुष्टि होते ही एसडीएम (राजस्व) द्वारा मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई की गई। धान को तत्काल जप्त कर ग्राम पंचायत के अभिरक्षा में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि अवैध धान संग्रहण राज्य की समर्थन मूल्य व्यवस्था को प्रभावित करता है और इससे कदाचार तथा अनियमितताओं की संभावनाएँ बढ़ती हैं। इसलिए प्रशासन ऐसे मामलों पर सख़्त निगरानी रख रहा है।

सख़्त निगरानी जारी- कलेक्टर रोहित व्यास ने निरीक्षण टीम को निर्देशित किया है कि क्षेत्र में धान खरीदी सीजन के मद्देनजर सभी संभावित स्थानों पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अवैध खरीद, बिक्री या भंडारण के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने किसानों एवं व्यापारियों से अपील की है कि धान का लेन-देन केवल निर्धारित नियमों और पंजीकृत खरीदी केंद्रों के माध्यम से ही करें, अन्यथा नियम विरुद्ध पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे संशोधन अवधि में पुनः वृद्धि

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुसार गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में संशोधन करने की समय-सीमा में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। डिजिटल क्रॉप सर्वे को और अधिक व्यापक एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से शासन ने पीवी ऐप के माध्यम से संशोधन की समय-सीमा में पहले वृद्धि करते हुए इसे 30 नवम्बर तक बढ़ाया था। अब विभाग द्वारा जारी नवीन आदेश के अनुसार इस अवधि को पुनः बढ़ाकर 15 दिसंबर 2025 तक कर दिया गया है। इससे भौतिक सत्यापन के आधार पर प्रविष्टियों में सुधार करने हेतु पटवारियों एवं संबंधित अधिकारियों को अतिरिक्त समय प्राप्त होगा।

जनपद कार्यालय दुलदुला में चला स्वच्छता श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने के उद्देश्य से विगत दिवस जनपद कार्यालय दुलदुला में सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। सुबह से ही सरपंच, पंच एवं कर्मचारी कार्यालय परिसर में एकत्र हुए और कचरा उठाने, झाड़ू लगाने, नाली साफ करने तथा पौधों के आसपास की सफाई जैसे कार्यों में श्रमदान किया। सभी ने टीम भावना के साथ परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया।

एसएसपी के निर्देशन में बन रही खौफ- द डिजिटल वार लघु फिल्म

डिजिटल अपराधों के खिलाफ जागरूकता की नई दिशा

जशपुरनगर। तकनीकी युग में जहां डिजिटल सुविधाएं जीवन को आसान बना रही हैं वहीं साइबर अपराधी इसी तकनीक का दुरुपयोग कर आम जनता को ठगने के नए.नए तरीके अपनाते जा रहे हैं। वर्तमान समय में देश के विभिन्न राज्यों में डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन बैंक धोखाधड़ी और विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट स्कैम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इन अपराधों की सबसे खतरनाक बात यह है कि इनमें अपराधी स्वयं को सरकारी अधिकारी, पुलिस अधिकारी आरबीआई, सीबीआई, एनआईए साइबर सेल या बैंक अधिकारी बताकर नागरिकों को डरा.धमका कर पैसे ठग लेते हैं।

इन्हीं बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुये आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली लघु फिल्म का निर्माण उनके निर्देशन में किया जा रहा है, जिसमें डिजिटल अपराधों के वास्तविक स्वरूप, अपराधियों की कार्यशैली और उनसे बचने के उपायों को सरल और वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इस फिल्म में शशि मोहन सिंह एक स्कूल टीचर की भूमिका में है, जो फिल्म का मुख्य केंद्र बिंदु है।

टेक 3 स्टूडियो द्वारा निर्मित एवं एसएसपी करेंगे निर्देशित

यह फिल्म टेक 3 स्टूडियो द्वारा निर्मित की जा रही है और इसका निर्माण एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन विचार और रणनीति के अंतर्गत किया जा रहा है। फिल्म में ऐसे दृश्य शामिल किए गए हैंए जो आजकल सोशल मीडिया व्हाट्सऐप इंस्टाग्राम आनलाइन गेम्स, केवाईसी अपडेट और नकली मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए की जा रही ठगी की घटनाओं को सटीक रूप से दिखाते हैं।फिल्म का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं बल्कि नागरिकों में यह समझ विकसित करना भी है।

डिजिटल दुनिया में जागरूकता ही सुरक्षा

इस फिल्म में यह भी दर्शाया गया है कि कैसे बिना सोचे समझे लिंक पर क्लिक करना या साझा करना, स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करना या फोन पर डरकर निर्णय लेना आर्थिक अपराध का कारण बन सकता है। फिल्म में छत्तीसगढ़ पुलिस की भूमिकाए उनकी साइबर सेल टीम, अपराध रोकथाम की प्रक्रियाए शिकायत पंजीकरण और त्वरित कार्रवाई प्रणाली को भी वास्तविक रूप में प्रस्तुत किया गया हैए जिससे लोग न केवल सतर्क हों बल्कि यह महसूस करें कि पुलिस आपके साथ है, बस आपको एक कदम सही दिशा में बढ़ाना है।

लोगों में जागरूकता बढ़ाना ही उद्देश्य

एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि डिजिटल फ्रॉड को लेकर जशपुर पुलिस लगातार कानूनी कार्यवाही कर रही है, लोगों में जागरूकता बढ़ाने की उद्देश्य से इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है, फिल्म में स्थानीय कलाकारों को भी प्राथमिकता दी गई है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का शहर कांग्रेस ने किया आतिशी स्वागत

सूरजपुर। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात शहर पहुंची शशि सिंह का अग्रसेन चौक पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय डोसी के नेतृत्व में ढोल-नगाड़े, आतिशबाजी व फूल-मालाओं के बीच भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जीएस मिश्रा, सुनील अग्रवाल, विमलेश दत्त तिवारी, महेंदी यादव, महेन्द्र साहू, उपेन्द्र गुप्ता, अनुपम फिलिप, विनय मिश्रा, नवीन जायसवाल, जाकेश राजवाड़े, जशवंत सिंह, प्रवेश गोयल, रामदेव जगते, त्रिभुवन सिंह टेकाम, जगत आयाम, पारसनाथ राजवाड़े, गिरधारी साहू, पवन साहू, जमिल अहमद, बिहारी कुलदीप, लोलो, प्रदीप साहू, शक्ति ठाकुर, मधु साहू, अदनान सिद्दीकी, शिवम साहू, दीपक साहू, जुगनू खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बच्चों को कराया गया शासकीय उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण

अम्बिकापुर। सकालों स्थित ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल के कक्षा छठवीं से आठवीं के बच्चों को शासकीय उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों ने किताब में लिखे हुए बातों को प्रायोगिक रूप में देखा। भ्रमण के दौरान ऑटोमेटिक सिडिंग मशिन, वर्मी कम्पोस्ट, नर्सरी हाउस, विभिन्न प्रकार के मौसमी पौधे, फूलों के बारे में जाना। भ्रमण का मुख उद्देश्य सभी बच्चे ग्रामीण अंचल से हैं जिससे वैज्ञानिक तरीके से खेती करके अतिरिक्त आय कर सकते हैं। इसी क्रम में संचालक अविनाश सिंह चंदेल द्वारा बच्चों को पौधों में ग्राफ्टिंग और घुटी बांधना सिखाया। इस दौरान शिक्षक सुमन मिंज, रूपा मिस्त्री उपस्थित रहीं।

युवक ने अज्ञात कारण से लगाई फांसी, मौत

अम्बिकापुर। युवक ने अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नर्मदापारा निवासी निरेंद्र यादव आ. बिरझू यादव (25 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी तब लगी जब पत्नी मंगली दरवाजा खुलवाने लगी तो पति ने दरवाजा नहीं खोला। अनहोनी की आशंका पर पत्नी शोर मचाने लगी जिसकी आवाज सुन परिजन सहित पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। युवक मृत हालत में फांसी में लटका हुआ था। सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अलग अलग सड़क हादसों में एक की मौत, चार घायल

रामानुजगंज। रामानुजगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में एक की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना हादसा पलटन घाट के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना आरगाही में हुआ जहां बाइक से बाजार जा रहे तीन लोगों को कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी, जिसमें दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम 7 बजे रामानुजगंज से लावा की ओर जा रहे बाइक सवार चाचा–भतीजा को महावीरगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने पलटन घाट के समीप टक्कर मार दी। दुर्घटना में 25 वर्षीय रामकेवल मानिकपुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 35 वर्षीय शिवप्रसाद मानिकपुरी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे बलरामपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

लगाई फटकार, हटाए गए बीएमओ

सीएचसी उदयपुर के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे जेडी, बीएमओ समेत स्वास्थ्यकर्मी नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खास बात

- लापरवाही पर गिरी गाज

सीएचसी उदयपुर में पदस्थ बीएमओ को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने पद से हटा दिया है। जेडी एनएच किनारे स्थित स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे जहां चिकित्सकों के साथ ही स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले। इसके साथ ही अस्पताल में भारी अव्यवस्था देखने को मिली। इन सभी लापरवाहियों को देखते हुए जेडी हेल्थ ने बीएमओ उदयपुर डॉ. योगेंद्र पैकरा को हटाने के साथ ही उनके स्थान पर डॉ. संजीव तिग्गा को बीएमओ का प्रभार दे दिया है। इसके साथ ही अनुपस्थित पाए गए सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगातार चिकित्सकों के नदारद रहने की सूचनाएं मिल रही थी। चूंकि सीएचसी उदयपुर एनएच 130 किनारे स्थित है और इसे फर्स्ट रेफरल सेंटर (एफआरयू) का दर्जा प्राप्त है। इस अस्पताल में आए दिन सड़क दुर्घटना के मामले सामने आते रहते है इसके साथ ही विकासखंड से बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल में उपचार के लिए जाते है लेकिन आए दिन अस्पताल में चिकित्सकों के नदारद रहने और मरीजों को उपचार सुविधा का लाभ नहीं मिलने की शिकायतें मिल रही थी। क्षेत्र के लोगों ने संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला को भी अस्पताल से शिकायत कर रहे थे ऐसे में 28 नवम्बर की देर शाम जेडी डॉ. शुक्ला ने सीएचसी उदयपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। शाम 4.50 बजे जब जेडी हेल्थ सीएचसी उदयपुर पहुंचे तो अस्पताल से जुड़ी शिकायत सही पाई गई। अस्पताल में ओपीडी सेवाओं का संचालन समय पर नहीं किए जाने, लैब व दवा वितरण की सेवाएं बंद पाई गई। अस्पताल में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं थी। कर्मचारी निर्धारित गणवेश में सेवाएं नहीं दे रहे थे। अस्पताल में ओपीडी रजिस्टर का व्यवस्थित तरीके से संधारण नहीं किया जा रहा था।

इतना ही नहीं अस्पताल में बीएमओ के साथ ही लगभग 10 से 11 अधिकारी-कर्मचारी बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में जेडी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करने के साथ ही जमकर फटकार लगाई।

सीएचसी में जानकारी लेते संयुक्त संचालक।

पूर्व में भी मिली थी शिकायत

बताया जा रहा है कि बीएमओ डॉ. योगेन्द्र पैकरा के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें मिली थी जिसकी जांच कराई गई थी और बीएमओ को नोटिस जारी किया गया था लेकिन इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और वे अस्पताल में भी अपने कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे थे। ऐसे में जेडी डॉ. शुक्ला ने बीएमओ डॉ. योगेन्द्र पैकरा को पद से हटा दिया है इसके साथ ही उनके स्थान पर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार तिग्गा को आगामी आदेश तक बीएमओ उदयपुर का प्रभार सौंपा है। जबकि अनुपस्थित पाए गए बीएमओ व सभी कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सही पाई गई शिकायतें

सीएचसी उदयपुर से लगातार शिकायतें मिल रही थी। हमने अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें बीएमओ के साथ ही 10 से अधिक चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं अव्यवस्थित थी। स्वास्थ्य सेवाओं से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीएमओ को पूर्व में भी नोटिस जारी किया गया था। इसलिए उन्हें पद से हटा दिया गया है और दूसरे बीएमओ की नियुक्ति कर दी गई है।

-डॉ. अनिल कुमार शुक्ला
संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

पीडीएस दुकान में 11 लाख का खाद्यान्न घोटाला

शासकीयउचित मूल्य की दुकान
तेन्दुआ जनपद पंचायत-बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

ग्राम तेंदुआ की पीडीएस दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम तेंदुआ स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर खाद्यान्न व्यपवर्तन (डाइवर्जन) का मामला सामने आया है।

खाद्य निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की संयुक्त जांच में दुकान के स्टॉक से करीब 10.95 लाख रूपए मूल्य का चावल और नमक गायब पाया गया। मामले में दुकान संचालक रमाशंकर साहू के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच टीम ने 24 से 26 नवंबर के बीच दुकान का भौतिक सत्यापन किया। रिपोर्ट के मुताबिक चावल 275.08 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 10,86,816 रूपए, नमक 7.73 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 8,028 रूपए आंकी गई है। कुल मिलाकर 10,94,845 का खाद्यान्न दुकान स्टॉक में कम पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि विक्रेता रमाशंकर साहू दुकान को नियमित रूप से नहीं खोलते थे और कई हितग्राहियों से बिना अनाज दिए ही अंगूठा लगवाकर वितरण दिखा दिया जाता था। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 11(5), 11(11), 12(3), 13(1), 13(2) और 15 का गंभीर उल्लंघन पाया गया। पूरी जांच रिपोर्ट खाद्य निरीक्षक सुश्री अनिता द्वारा प्रस्तुत की गई थी, जिसके आधार पर कलेक्टर कार्यालय ने दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। थाना पटना में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने मामले में अपराध पंजीबद्ध करते हुए प्रधान आरक्षक सतेन्द्र तिवारी को विवेचना सौंपी है। पुलिस अब खाद्यान्न व्यपवर्तन के पूरे तंत्र की जांच करेगी।

बंद पड़ी फाइल को खोलकर गिरफ्तार किया गया ठगी का आरोपी

CITY KOTWALI AMBIKAPUR

अंबिकापुर। गड़ा धन निकालने के नाम पर पूजा पाठ का ढोंग कर नगदी और सोने की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी का सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने चार साल पहले केस खत्म कर दिया था लेकिन एक बार फिर से पुलिस ने प्रकरण की फाइल खोली और आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर सहेली गली निवासी 52 वर्षीय जगदीश विश्वकर्मा अ. स्व. छुट्टू विश्वकर्मा से वर्ष 2019 में संजय मिश्रा व अन्य लोगों ने पूजा पाठ कर गड़ा हुआ धन निकालने के नाम पर 40 हजार रुपए और 21 तोला सोने की ठगी की थी। इस मामले में पुलिस वर्षों से आरोपियों की तलाश कर रही थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर 10 अगस्त 2021 को प्रकरण का खात्मा कर केस बंद आकर दिया गया था। इस दौरान 17 अक्टूबर को बलरामपुर के शंकरगढ़ पुलिस ने धोखाधडी के मामले में संजय मिश्रा को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही आरोपी संजय मिश्रा की भूमिका उक्त प्रकरण में भी सामने आने पर एसएसपी के निर्देश पर फिर से फाइल खोलकर प्रकरण की जांच की गई और जांच के बाद एमपी के रीवा इटावरी निवासी 38 वर्षीय संजय मिश्रा आ. बैजनाथ मिश्रा को रिमांड में लेकर पूछताछ की तो उसने ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि ठगी में सिर्फ 12 हजार रुपए मिलने और रकम खर्च होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक सचिंद्र सिन्हा, आरक्षक देशराम सक्रिय रहे।

रजिस्ट्री नियम के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कहा–सरकार आम जनता को किसी प्रकार का राहत देने तैयार नहीं

छत्तीसगढ़ में जमीन राजिस्ट्री को लेकर भाजपा सरकार द्वारा तय किए गए नए नियमों के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने घड़ी चौक पर विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लोककल्याणकारी कार्य करने के बजाय एक व्यापारी की तरह व्यवहार कर रही है। ये सरकार आम जनता को किसी भी प्रकार की राहत देने को तैयार नहीं है।

सरकार ने पहले बिजली कीमतों को बढ़ाया और बिजली बिल हाफ योजना को समाप्त किया और अब राजिस्ट्री कीमतों के भार जनता पर डाल दिया है। प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी पर तंज करते हुए कहा कि उनकी अदूरदर्शिता के कारण प्रदेश आर्थिक संकट में है। सरकार से आमजन को कुछ हासिल नहीं हो रहा है, उल्टे वित्त मंत्री जनता पर आर्थिक भार डाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जमीन रजिस्ट्री को लेकर जो नई गाइडलाइंस लाया है उसके अनुसार अब किसी भी जमीन की कीमत का मूल्यांकन उसके बाजार मूल्य के हिसाब से किया जाएगा। कांग्रेस शासन में यह व्यवस्था थी कि बाजार मूल्य पर 30 प्रतिशत छूट देकर उसपर 4 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क लिया जाता था। नई गाइडलाइन के अनुसार जहां रजिस्ट्री शुल्क के निर्धारण का आधार बाजार मूल्य को बनाया गया है वहीं पंजीकरण शुल्क को 4 प्रतिशत ही रखा गया है। इससे भूमि के मूल्य में भारी वृद्धि होना तय है। दूसरी व्यवस्था यह बनाई गई है कि यदि कोई भू-खंड मुख्य मार्ग पर है तो उस भूखंड को दो हिस्से में बांटकर उसके बाजार मूल्य का निर्धारण किया जायेगा। सड़क से लगी सामने की भूमि की कीमत की कीमत पीछे की भूमि से अधिक आंकलित की जाएगी जबकि पहले पूरे भू-खंड का एक कीमत निर्धारित होता था। इस कारणवश भी भूमि की कीमतों में भारी वृद्धि की संभावना है। प्रदेश की भाजपा सरकार के इस कदम के कारण आमजन के साथ ही व्यापारियों और रियल स्टेट कारोबारियों पर बड़ा आर्थिक भार पड़ना सुनिश्चित है। इस निर्णय के खिलाफ युवा कांग्रेस ने युंका जिलाध्यक्ष विकल झा के नेतृत्व में पुतला दहन किया। इस दौरान हेमंत सिन्हा, एपी सांडिल्य, डॉ. लालचंद यादव, दुर्गेश गुप्ता, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, जमील खान, अमित तिवारी राजा, मदन जायसवाल, मो अख़्तर चम्मा, प्रीति सिंह, निक्की खान, जीवन यादव, उत्तम राजवाड़े, निखिल विश्वकर्मा, अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।

जमीन विवाद पर पड़ोसी ने मिलकर पति-पत्नी पर किया जानलेवा हमला

- सिर पर गंभीर चोट लगने से पत्नी की हालत गंभीर

सीतापुर। जमीन विवाद पर पड़ोसियों ने मिलकर पति पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में डंडे के वार से सिर पर गंभीर चोट लगने से पत्नी की हालत गंभीर है जबकि बीच बचाव के दौरान पति के हाथों में भी चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख उसे बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। उक्त घटना ग्राम सुर पकरीखार की है जहां जमीन विवाद के कारण पड़ोसियों ने मिलकर रविकांत लकड़ा एवं उसकी पत्नी अनिता लकड़ा पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। जिस दौरान यह हमला हुआ उस दौरान मौके पर केवल पति पत्नी मौजूद थे जबकि हमलावरों की संख्या आठ दस के करीब थी। इस हमले में सिर पर डंडे से लगे प्राणघातक चोट की वजह से महिला बुरी तरह घायल हो गई। इस दौरान पत्नी को बचा रहे पति भी हमलावरों के हमले से बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल लाया गया जहां महिला के सिर में लगी गंभीर चोट को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 296, 351(2), 115(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

जबरन उठाकर ले जा रह थे धान की फसल

इस घटना के संबंध में पीड़ति रविकांत लकड़ा ने बताया कि उनकी ग्राम सुर पकरीखार में कृषि भूमि है जहां उन्होंने धान की खेती की थी और फसल पकने के बाद उसे काटकर खेत मे ही इकट्ठा छोड़ दिया था। शनिवार को दोपहर में पड़ोस में रहने वाले शिवनाथ लकड़ा बैजनाथ लकड़ा अपने साथियों के साथ मिलकर उस धान को खेत से जबरन उठाकर ले जा रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद रविकांत अपनी पत्नी अनिता के साथ मौके पर पहुंचकर जबरन धान उठाकर ले जाने पर अपना विरोध जता रहा था। इसी दौरान शिवनाथ लकड़ा एवं बैजनाथ लकड़ा अपने साथियों संग मिलकर पति पत्नी पर रॉड एवं डंडे से जानलेवा हमला कर दिया।

शराब पीने परिजन ने नहीं दिया पैसा तो ग्रामीण ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने से नाराज हुए ग्रामीण ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम सलका निवासी श्रीराम आ. बंधन राम (58 वर्ष) 26 नवम्बर की शाम शराब के नशे में घर पहुंचा और परिजन से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। परिजन ने पैसा नहीं होने से देने से मना कर दिया। इधर शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने से नाराज हुए ग्रामीण ने घर में रखे कीटनाशक को पीकर आग तापने लगा। इसी दौरान तबीयत बिगड़ने तथा उल्टी करने लगा। परिजन ने कीटनाशक का गंध आने पर उसे प्रेमनगर अस्पताल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात सूरजपुर रेफर कर दिया। जहां से रेफर करने पर परिजन श्रीराम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां आईसीयू में जगह नहीं होने पर चिकित्सकों ने दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

गायत्री खदान में दिन दहाड़े दर्जनों बाइक व छोटे वाहन लेकर रोजाना घुस रहे हैं ग्रामीण

सशस्त्र जवानों की तैनाती के बावजूद थम नहीं रही कोयला चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान में दिन दहाड़े बेखौफ़ होकर दर्जनों ग्रामीण बाइक लेकर कोयला चोरी करने पहुँच रहे हैं,खुलेआम हो रही कोयला चोरी ने न सिर्फ एसईसीएल प्रबंधन की परेशानी बढ़ाई हुई है बल्कि राजस्व शुल्क में भी कई करोड़ रुपये का सालाना नुकसान उठाना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए एसईसीएल कम्पनी सालाना कई करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि खर्च कर रही है,इसमें त्रिपुरा राइफल के हथियाबंद जवान, सीआईएसएफ समेत कम्पनी सुरक्षा अमले का संयुक्त दल अलग अलग जगहों पर तैनात रहते हैं एवं गश्त भी करते हैं,इन सब के बावजूद कोयला चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है जिससे कम्पनी को भारी क्षति उठानी पड़ रही है,इस पुरे मामले में कम्पनी सुरक्षा अमले की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है।

बताया गया कि कोयला चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पूरा नेटवर्क सुनियोजित तरीके से काम करता है,खदान के अलग-अलग हिस्सों से छोटे गिरोह बनाकर बाइक और मिनी वाहनों के जरिए स्टॉक से कोयला को दिन के समय ही चुराया जाता है। इसके अलावा खदान के किनारों पर बने अस्थायी रास्तों का उपयोग कर रात के अंधेरे में भी वाहन लगाकर कोयला चोरी की जा रही है,प्राप्त जानकारी यहां से प्रतिदिन 8 से 10 टन की कोयला चोरी होने व महीने में 150 से 300 टन कोयले के स्टॉक से चोरी हो जाने का अनुमान है,यह नुकसान सीधे राजस्व राशि पर भी है, जिससे शासकीय आय पर असर पड़ रहा है। बड़ी संख्या में खदान के भीतर घुस रहे कोयला चोरों को सशस्त्र जवान व संयुक्त सुरक्षा दल रोकने और पकड़ने में नाकाम दिख रहे हैं। कोल कर्मचारियों के अनुसार खदानों में ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने और रूट मैपिंग सिस्टम से चोरी पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। उक्त गंभीर मामले को लेकर प्रबंधन को सख्त कदम उठाना चाहिए,कोयला चोरी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

आधार अटेंडेंस उपस्थिति के आधार पर होगा वेतन आहरण : डॉ. कपिल देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सीएमएचओ ने बसदेई प्राथमिक एवं विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य का किया निरीक्षण

सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसदेई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने समस्त अधिकारी, कर्मचारियों का समय पर आने हेतु शत प्रतिशत आधार अटेंडेंस से उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान समस्त अधिकारी, कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस स्टेटमेंट मोबाइल से निरीक्षण किया गया। लगातार आधार अटेंडेंस एवं समय पर नहीं लगाने वाले कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए लगातार प्रतिदिन समय पर आधार अटेंडेंस लगाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही संस्था प्रभारी को प्रति दिवस आधार अटेंडेंस की निगरानी करते हुए 10.30 तक अनुपस्थित कर्मचारियों का नाम अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर का निरीक्षण किया गया। जिसमें एक्स-रे रुम का सुचारू रुप से संचालन हेतु निर्देशित किया जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके। एनआरसी सेन्टर को निरीक्षण किया और वहां पर रुके हुए हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हे दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लिया। साथ एनआरसी संस्था प्रभारी को बेहतर संचालन हेतु निर्देशित किया। हमर लैब का निरीक्षण के दौरान वहां पर होने वाली समस्त लैब जांच कर समय पर रिपोर्ट देने हेतु संस्था प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारी, कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस स्टेटमेंट लॉग से उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। नियमित रूप से आधार अटेंडेंस से उपस्थिति एंव समय पर नहीं देने वाले समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए प्रतिदिवस आधार अटेंडेंस लगाने हेतु निर्देशित किया।



रिकॉर्डतोड़ धमाका, ज़ूटोपिया 2 का दमदार पोस्टर आउट...

मुंबई। ज़ूटोपिया 2 का बिल्कुल नया पोस्टर रिलीज़ हो गया है और सच में उत्साह सातवें आसमान पर है। जैसे ही फिल्म 28 नवंबर को भारत के थिएटर्स में रिलीज़ हुई, दुनिया भर के फ़ैन्स जुडी हॉप्स और निक वाइल्ड की वापसी का जश्न मना रहे हैं। इसकी दमदार कहानी से लेकर भावनाओं और मज़ाक के शानदार मिलेजुले अंदाज़ तक, यह फिल्म फिर साबित करती है कि वॉल्ट डिज़्नी एनीमेशन स्टूडियो आज भी अपने काम में सबसे आगे क्यों है। दिल छू लेने वाले पलों, आसानी से सामने वाली बातों और पुरानी यादों से भरी, ज़ूटोपिया 2 सिर्फ बच्चों के लिए नहीं है बल्कि यह हर उम्र के दर्शकों से जुड़ती है। मेकर्स ने पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया।

लाइफStyle

माधुरी

मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जियोहॉटस्टार की सीरीज मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का किरदार निभाती नजर आएंगी। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज़ मिसेज देशपांडे की रिलीज़ डेट घोषित कर दी है, जिसमें माधुरी दीक्षित मिसेज देशपांडे की मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।

इस सीरीज का शानदार टीजर दर्शकों को मिसेज देशपांडे की दुनिया की एक विचलित करने वाली झलक देता है, जहां माधुरी दीक्षित एक सादे, बिना मेकअप वाले लुक में बड़ी ही शांति के साथ सब्जियां काट रही हैं, जबकि रेडियो बुलेटिन एक सीरियल किलर के फरार होने की चर्चा कर रहा है। नागेश कुकूनूर द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ धैर्य और सटीकता से टेंशन क्रिएट करती है। एप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा कुकूनूर मूवीज के सहयोग से निर्मित यह शो मूल फ्रेंच थ्रिलर ला मांटे से रूपांतरित किया गया है, जिसका निर्माण जीन नैनक्रिक ने किया था। इसमें सिद्धार्थ चंदेकर और प्रियांशु चैटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। माधुरी दीक्षित ने कहा कि मिसेज देशपांडे मेरे द्वारा अब तक निभाए गए किसी भी किरदार से एकदम अलग है। मिसेज देशपांडे, 19 दिसंबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज होगी। अपनी भूमिका के बारे में माधुरी दीक्षित ने कहा इतने सारे ग्रे शेड्स वाले किरदार को निभाना उत्साहजनक और तनावपूर्ण दोनों रहा है! मैं बहुत बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक मेरा यह रोमांचक और नया रूप देखें। निर्देशक नागेश कुकूनूर ने कहा कि माधुरी दीक्षित ने इस मुश्किल और परतदार किरदार को निभाया यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।

हॉलीवुड मसाला

राजामौली की फिल्म में करेंगी काम

लॉस एंजिल्स। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एस.एस. राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवतः 'ग्लोबट्रॉटर' होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में 'ग्लोबट्रॉटर' के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे।

माइकल जैक्सन की बायोपिक के टीजर ने तोड़ा रिकॉर्ड...

लॉस एंजिल्स। 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं। क्लिप में जाफर जैक्सन मूव्स करते और प्रैक्टिस करते हुए दिख रहे हैं, खासकर मून वॉक।



दिसंबर-जनवरी में देंगी बीए की परीक्षा...

मुंबई। अभिनेत्री अनीत पड्डा 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग जनवरी 2026 में कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षा देने के बाद शुरू करेंगी। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सैयारा' से देश की सबसे बड़ी जेन जी स्टार बनी अनीत पड्डा अब दिसंबर और जनवरी में अपनी कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षाएं देने जा रही हैं! अनीत पड्डा ,दिसंबर-जनवरी में अपनी फाइनल-ईयर परीक्षाएं देंगी और उसके तुरंत बाद अपनी अगली फिल्म दिनेश विजान की 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें वह लीड रोल निभा रही हैं। अनीत इस समय अपने फाइनल ईयर की पढ़ाई में व्यस्त हैं। वह पॉलिटिकल साइंस में बी.ए. (ऑनर्स) कर रही हैं और काम व पढ़ाई को संतुलित करने में जुटी हैं। उनका शेड्यूल इस तरह मैनेज किया जा रहा है कि वे पढ़ाई को पूरा समय दे सकें।

'महावतार नरसिम्हा' ऑस्कर में शामिल

मुंबई। फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। वर्ल्डवाइड इसने लगभग 326 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अब यह फिल्म ऑस्कर को लेकर चर्चा में है। फिल्म 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने 2026 के ऑस्कर में बेस्ट एनिमेटेड फीचर के लिए चुनी गई 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक लिस्ट जारी की है। इन फिल्मों पर अभी विचार किया जाना है। 'महावतार नरसिम्हा' का मुकाबला 'के-पॉप डेमन हंटर', 'जूटोपिया 2' और 'डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल' जैसी हिट फिल्मों से होगा।

टीवी मसाला

'शहजादी है तू दिल की', 4 दिसंबर से

मुंबई। स्टार प्लस का नया शो शहजादी है तू दिल की चार दिसंबर से हर दिन शाम 7:30 बजे से प्रसारित होगा। स्टार प्लस के नए शो शहजादी है तू दिल की में अंकित रायजादा इमोशनल और अच्छे दिल वाले लडक़े कार्तिक के किरदार में हैं। इसमें टेलीविजन पर डेब्यू कर रही हैं आशिका पादुकोण, दीपा के रूप में। यह कहानी दो लोगों की जिंदगी के बारे में है, जो किस्मत से सबसे अनोखे तरीके से जुड़ जाती हैं। साथ में ये दोनों एक ऐसी कहानी दिखाते हैं, जो उम्मीद, हिम्मत और प्यार की ताकत को दिखाती है। हाल ही में रिलीज़ हुआ प्रोमो पहले ही काफी चर्चा में है। यह कार्तिक को स्टेज पर दिखाते हुए शुरू होता है, जहां वह 70 के दशक के मशहूर गाने प्यार मांगा है तुमसे में अपने दिल की बात गा रहा हैं, जो दोनों के बीच के प्यार को दिखाता है। फिर सीन एक दिलचस्प फ्लैशबैक में बदल जाता है, जहां दीपा जो प्रेग्नेंट है, कार्तिक की कार के बोनट पर लगभग गिरने ही वाली होती हैं। दीपा की मदद तुरंत दयालु स्वभाव वाला कार्तिक करता है और उसे अस्पताल ले जाता है। बाद में दीपा को पता चलता है कि वह और उनका बच्चा सुरक्षित हैं सिर्फ इसलिए, क्योंकि एक अच्छे अजनबी ने समय पर उनकी मदद की।

प्रोमो का अंत इमोशनल अंदाज में होता है, जब कार्तिक दीपा के प्रति अपनी बढ़ती हुई चिंता और प्यार दिखाता है, लेकिन दीपा अपने अतीत का बोझ लेकर, पीछे हट जाती हैं और कहती हैं कि वह अपनी ज़िंदगी में और दर्द नहीं चाहती। उनके अनकहे जज़्बात, चुपचाप होने वाली परेशानियां और बिना बोले जुड़ाव एक ऐसी कहानी का वादा करते हैं, जो दर्शकों को पूरी तरह बांधे रखेगी। प्रोमो , जिसमें ऐक्शन और इमोशन दोनों भरे हैं, हमें दीपिका की ज़िंदगी की गहरी झलक दिखाता है। इसमें दिखता है कि वह हर दिन कैसे संघर्ष करती है, क्योंकि उसका शराबी पति घर की थोड़ी-सी कमाई भी बर्बाद कर देता है और सारी ज़िम्मेदारी उसके कंधों पर आ जाती है। वह सुबह तडक़े उठकर इडली बनाती है और बेचती है ताकि किसी तरह घर चला सके, लेकिन उसका पति उसकी मेहनत की कमाई भी शराब के लिए छीन लेता है। जब वह हिंसा पर उतर आता है, तब कार्तिक बीच में आता है, उसे बचाने के लिए लड़ाई करता है और सच्ची परवाह करते हुए उसकी मदद करना चाहता है।

'स्ट्रेंजर थिंग्स' की तरह ओटीटी पर मशहूर हैं ये वेब सीरीज, कहानी उड़ा देंगी होश

मुंबई। नेटफ्लिक्स की चर्चित वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने 5वें सीजन के साथ लोगों का खूब ध्यान बटोर रही है। इसके पिछले 4 सीजन भी बेशुमार प्यार लूट चुके हैं। कहना गलत नहीं होगा कि ओटीटी पर 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के बाद, इस सीरीज ने सबसे ज्यादा महारत हासिल की है। खैर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की तरह ही यहां आपको कुछ अन्य सीरीज के बारे में जानकारी दी गई है, जो काफी मशहूर हैं। इनकी कहानी दिल जीतने का काम करती है।

'द अम्ब्रेला एकेडमी' : नेटफ्लिक्स पर मौजूद वेब सीरीज 'द अम्ब्रेला एकेडमी' काफी लोकप्रिय है, जिसे हिंदी भाषा के साथ देखा जा सकता है। तीन सीजन वाली इस सीरीज में कॉमेडी-ड्रामा, साइंस फिक्शन और फैंटेसी की भरपूर डोज दी गई है। सीरीज़ की कहानी गोद लिए गए भाई-बहनों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पिता की मौत के बाद फिर से एकजुट होते हैं। यहां उन्हें कई अनसुलझे रहस्यों और जिंदगी में आने वाली मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

'बेताल' : नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई हिंदी वेब सीरीज 'बेताल' भी अपनी कहानी के लिए लोगों का खूब प्यार बटोर चुकी है। सीरीज की कहानी एक बूढ़े ब्रिटिश भारतीय सेना कमांडर के इर्द-गिर्द घूमती है जो जॉम्बी बनकर जिंदा हो जाता है। वह जिस गांव में जाता है, वहां एक आधुनिक विशेष बल की टीम उसका सामना करती है। कुल मिलाकर सीरीज की कहानी लोककथाओं और सैन्य कार्रवाई को ध्यान में रखकर बनाई गई है। 'बेताल' के कुछ सीन डराते भी हैं।

'जस्ट एड मैजिक'

अमेजन प्राइम वीडियो पर वेब सीरीज 'जस्ट एड मैजिक' मौजूद है, जिसका पहला सीजन 2016 में रिलीज किया गया था। अब तक इस सीरीज के 3 सीजन आ चुके हैं। इस सीरीज की कहानी बेहद दिलचस्प है, जिसमें 3 लड़कियों केली क्विन, डार्बी और हैना को एक जादुई कुकबुक मिलती है। इस बुक के आधार पर तीनों कई रहस्यों को सुलझाती हैं। हालांकि हर रेसिपी के जादुई प्रभाव के साथ एक नकारात्मक प्रभाव भी होता है।

दिल्ली में टैक्स फ्री हुई फरहान अख्तर की 120 बहादुर

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार-अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर दिल्ली में टैक्स-फ्री हो गयी है। फिल्म 120 बहादुर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी के प्रेरणादायक नेतृत्व को उजागर किया गया है, जिनके अद्भुत पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान ने भारत के सैन्य इतिहास में साहस का अमिट प्रतीक स्थापित किया है। इन वीर सैनिकों के प्रति विशेष सम्मान के रूप में, दिल्ली सरकार ने 28 नवंबर से दिल्ली में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया है। फिल्म के निर्माताओं को हार्दिक बधाई। फिल्म 120 बहादुर 13 कुमाऊ रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की जबरदस्त बहादुरी को दिखाती है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में हुई मशहूर रेज़ांग ला की लड़ाई में हिस्सा लिया था। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भारतीय सेना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक में हर मुश्किल के सामने डटे रहे। इस फिल्म रजनीश रेज़ी घई ने निर्देशित किया है और इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर (एक्सेल एंटरटेनमेंट) और अमित चंद्रा (ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज़) ने प्रोड्यूस किया है।

TAX FREE
IN DELI
REZANG LA
120
BAHADUR

साथ होंगे मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव

'महाभारत' में अनोखी कॉमेडी का तड़का लगाएंगे शूजित सरकार

फिल्ममेकर शूजीत सरकार, जो 'विक्की डोनर' और 'पीकू' जैसी हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके हैं, अब एक बार फिर कॉमेडी जॉनर में वापसी करने जा रहे हैं। इस बार वह एक बिल्कुल नई दिशा में कदम रखते हुए पौराणिक कॉमेडी बनाने की तैयारी में हैं। इससे भी खास बात ये है कि फिल्म में मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव मुख्य भूमिकाओं में होंगे, जो 10 साल पहले फिल्म 'अलीगढ़' में साथ दिखे थे।

मुंबई। रिपोर्ट के मुताबिक, ये फिल्म 'महाभारत' के एक खास अध्याय को मजेदार अंदाज में पेश करेगी, जो भारतीय सिनेमा में अपनी तरह का पहला और बेहद अनोखा प्रयास माना जा रहा है। शूजीत से दर्शकों को वैसे भी बड़ी उम्मीदें होती हैं, क्योंकि उन्होंने हमेशा ही कहानी और कॉमेडी दोनों के साथ नया प्रयोग किया और सफल रहे। अब एक बार फिर निर्देशक अपनी एक रोचक कहानी से सबका दिल जीतने को तैयार हैं।

कब शुरू होगी शूटिंग?

इस नई फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने की संभावना है और इसे भारतीय सिनेमा का एक सबसे असामान्य और अनोखा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि राजकुमार और मनोज सालों बाद फिर साथ काम करने के लिए बड़े उत्साहित हैं। दोनों को साल 2015 में रिलीज हुई हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'अलीगढ़' में साथ देखा गया था। जल्द ही उनकी इस नई फिल्म की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

शूजित की पिछली फिल्म में दिखे थे अभिषेक बच्चन

शूजित पिछली बार फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' लेकर आए थे। ये फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई, लेकिन इसकी दिल छू लेने वाली कहानी की दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब तारीफ की। फिल्म में अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में थे। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में उन्होंने अपनी इस फिल्म में उम्दा प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी जीता था। फिल्म में उन्होंने एक बेटी के पिता का किरदार निभाया था।

मनोज और राजकुमार की आने वाली दूसरी

'द फैमिली मैन 3' में दिख रहे मनोज हॉरर कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' लेकर आ रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने राम गोपाल वर्मा से हाथ मिलाया है। इसके अलावा वो एक अन्य फिल्म में अभिनेत्री दिव्या दत्ता के साथ इश्क लड़ाते दिखेंगे। उधर राजकुमार के पास वकील उज्जवल निकम की बायोपिक और 'स्त्री 3' है। इन दोनों ही फिल्मों के निर्माता दिनेश विजान हैं। सौरव गांगुली की बायोपिक और करण जौहर की क्रिएचर फिल्म भी उनके पास है।

खबर संक्षेप

सड़क मद की भूमि पर बन रहे पीएम आवास पर रोक

पुसौर। पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुकुलभठली के हितग्राहियों द्वारा सड़क मद की भूमि में पीएम आवास बनाना निर्माण कर रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसीलदार से किया था। इसे संज्ञान लेने के बाद तहसीलदार ने इस पर रोक लगा दिया है। जानकारी के मुताबिक पुसौर के पेट्रोल पंप के बगल से रायगढ़ पहुंच मार्ग के बीच सड़क मद की जमीन ख.नं. 201 रकबा 0.777 हे दर्ज है। जिसमें ग्राम सुकुल भटली आनंद पिता दाता राम, चित्रा पति दाता राम, विजय पिता दाता राम, सुशील पिता दाता राम द्वारा पीएम आवास निर्माण की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने आवागमन बाधित होने की आशंका से तहसील न्यायालय पुसौर में आवेदन लगाया था। जिसमें तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में तहसीलदार ने बताया कि सड़क मद की भूमि सार्वजनिक निस्तार के लिए होता है यदि वह भूमिहीन है तो इसकी तस्दीक की जाएगी और शासकीय भूमि आबंटित कर पीएम आवास कर सकेगा। पीएम आवास के लिए राशि जनपद कार्यालय पुसौर से जारी होती है। ऐसे में सीईओ विवेक गोस्वामी को भी ज्ञापन सौंपा गया था।

बड़गांव वन क्षेत्र में 61 हाथियों का दल सक्रिय

सुंदरगढ़। बड़गांव वन क्षेत्र में जंगली हाथियों की बढ़ती गतिविधि ने एक बार फिर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। वन विभाग के अनुसार रुनगांव, शंकरापोष और पंचरा गांव से सटे जंगलों में कुल 61 जंगली हाथियों के तीन अलग अलग झुंड देखे गए हैं। सूचना के मुताबिक रुनगांव जंगल में 23 हाथियों, शंकरापोष में 11 हाथियों तथा कूत्रा ब्लॉक के पंचरा क्षेत्र में 27 हाथियों का बड़ा झुंड मौजूद है। शुक्रवार शाम शंकरापोष और पंचरा के जंगलों के पास 11 हाथियों के झुंड को आगे बढ़ते देखा गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल गहरा गया है और लोग अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। बड़गांव के रेंजर प्रदीप कुमार भूतिया ने बताया कि तीनों क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी की पुष्टि के बाद वन विभाग ने तीन विशेष टीमें गठित की हैं। टीमें लगातार निगरानी रखते हुए झुंड को सुरक्षित दिशा की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रही हैं। साथ ही ग्रामीणों को सुबह शाम जंगल के समीप न जाने, अनावश्यक जोखिम न उठाने और वन कर्मियों के साथ समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई है।

गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग

सुंदरगढ़। राजगांगपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर बीजेपी सक्रिय हो गई है। पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य नरसिंह मिंझ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधीश तेजस्मिनी बेहेरा से मुलाकात कर जिलाधीश के नाम एक स्मारकपत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि राजगांगपुर कुतरा और लाठीकाटा क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के कई पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। कई चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति निकट होने के बावजूद उनके स्थान पर नए डॉक्टरों की भर्ती शुरू नहीं की गई हैए जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

बीती रात सीमा से जुड़े सात अंदरूनी जंगली रास्तों को किया जेसीबी से खुदाई

जहां से ओडिशा के कोचिया छग में लाते थे धान, उस रास्ते में किया दो-दो फीट गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ ओड़िशा सीमा से लगे सात जंगली रास्तों को दो-दो फीट खोदकर जाम कर दिया गया है। बीती रात प्रशासन और पुलिस टीम ने इन जंगली रास्तों को जेसीबी से खुदाई की गई धान के अवैध परिवहन के एक बड़े रास्ते को जाम कर दिया है। इससे ओड़िशा के कोचियों पर कुछ हद तक लगाम लगने की बात कही जा रही है। हालांकि यहां के कोचियों से उनका सांठ-गांठ है। ऐसे में केवल जंगली रास्ता बंद हुआ है, मुख्य सड़क नहीं। यहां से ही कोचिया धान का अवैध परिवहन कर सकते हैं। कारण यह काम आज का नहीं बल्कि सालों से कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिलने के बाद प्रशासन की टीम देर रात मौके पर पहुंची। घरघोड़ा एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने जमीनी निरीक्षण कर तत्काल जेसीबी मंगवाई और सातों रास्तों की गहरी खुदाई कर उन्हें पूरी तरह बंद करा दिया, ताकि दोबारा इन मार्गों से किसी भी तरह का अवैध परिवहन न हो सके। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद चार अंतरराज्यीय कोचियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ये लोग न केवल अवैध परिवहन में शामिल पाए गए, बल्कि पूछताछ के दौरान अधिकारियों से विवाद और शासकीय कार्य में बाधा भी उत्पन्न कर रहे थे। इस आधार पर उनके विरुद्ध भाण्दण्वि की धारा 126, 135(3) और 170 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

जेसीबी से चोर रास्ते की खुदाई करते प्रशासनिक टीम।

धान परिवहन के इस नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब 28 नवंबर को तहसील तमनार के ग्राम बिजना में ओडिशा से धान आने की सूचना प्राप्त हुई। एसडीएम घरघोड़ा, तहसीलदार तमनार, थाना प्रभारी तमनार तथा कृषि विभाग की टीम ने सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह बात भी सामने आई कि ओडिशा से तमनार क्षेत्र तक धान की बड़े पैमाने पर अवैध आवाजाही के लिए सात गुप्त रास्तों का उपयोग लगातार किया जा रहा था। इन रास्तों से पहले कब कब, कितनी मात्रा में धान लाया गया और कहां कहां इसकी खपत की योजना थी, इन सबके संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रशासन को उम्मीद है कि पूछताछ से इस अवैध गिरोह की और परतें खुलेंगी तथा कुछ और महत्वपूर्ण सुराग हाथ आएंगे।

साढ़े सात हजार क्विं अवैध धान जब्त

अब तक 7 हजार 579 क्विंटल अवैध धान जब्त किया जा चुका है, जबकि ऐसे मामलों में कुल 48 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिले में सक्रिय कोचियों और बिचौलियों का चिन्हांकन कर उनके विरुद्ध दफा 107(6) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, धरमजयगढ़, छाल, कापू, लैलूंगा और मुकडेगा इन सभी तहसीलों में मिलाकर कुल 70 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है।

महिलाओं ने की अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

ग्राम पंचायत परसदा छोटे में खुले आम अवैध शराब बिकने के कारण गांव के युवा बुजुर्ग इसके चपेट मे आ रहे हैं। जिससे कई घर नष्ट होते नजर आ रहे है।

ग्राम परसदा छोटे में अवैध शराब बिक्री के कारण घर में हर दिन महिलाओ को विभन्न प्रकार की घरेलू हिंसा का भी सामना करना पड़ रहा है। गांव में महिला सरपंच होने के कारण उन्होंने महिलाओं पर हो रहे इस प्रकार के कष्ट के प्रति संवेदना दिखाई और अपनी महिला साथियो के साथ थाने पहुंच गई और इसकी शिकायत थाना प्रभारी से की गई। ज्ञापन देकर गांव में अवैध शराब बिक्री पूर्णतः बंद करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनें की मांग की। गाव में लगातार हो रही है शराब बिक्री के कारण गाव का माहौल लगातार खराब हो रहा छोटे बच्चों और युवाओं पर इसका गलत असर हो रहा महिलाओ के साथ घरेलू हिंसा की शिकायत बढ़ रही।

जेपीएल का मशरूम उत्पादन, आय अर्जन का एक सशक्त माध्यम

तमनार। जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा अपने बहुउद्देश्यीय स्वावलम्बन परियोजना अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए ष्मशरूम उत्पादन परियोजना का संचालन कर रही है। जिसके माध्यम से क्षेत्र में निवासरत ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक उन्नयन सुनिश्चित कर महिला सशक्तिकरण को एक नई आयाम दी जा सके।

आज तमनारांचल की ये महिलाए मशरूम उत्पादन गतिविधी में संलग्न होकर आयअर्जन सुनिश्चित करए सपरिवार विकास की ओर अग्रसर हैं। जिंदल फाउण्डेशन तमनार की मशरूम उत्पादन परियोजना से न केवल रायगढ़ बल्कि जशपुरए कोरबाए जांजगीर चांपा व बिलासपुर जिला भी लाभान्वित हो रही है। वहीं विभिन्न जिलों के प्रतिष्ठित व्यावसायिक कंपनियां अडानी, हिण्डालको, अम्बुजा फाउण्डेशन, शिखर युवा मंच बिलासपुर, कोरबा बेस्ट, विजय लक्ष्मी समाज कल्याण समिति रायगढ़, आयुश शिक्षा समिति जैसे एनजीओज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के 1800 प्रशिक्षुओं ने मशरूम संसाधन केन्द्र, तमनार से प्रशिक्षण प्राप्त कर मशरूम उत्पादन को अपने आजिविका का माध्यम बनाया है। सत्र 2014 से प्रारंभ मशरूम उत्पादन परियोजना से जुडकर परिश्रमी महिलाओं द्वारा आज पर्यंत लगभग 9000 हजार किलोग्राम मशरूम उत्पादन कर 3.70 करोड़ लाख रूपए की मशरूम विक्रय कर चुकी है। वहीं जिंदल फाउण्डेशन तमनार के मशरूम संसाधन केन्द्र, तमनार में स्थापित मशरूम बीज निर्माण ईकाई जो कि ग्रामीण किसानों का समूह तमनार मशरूम समहित समूह के देखरेख में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य की आधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त स्पान निर्माण ईकाई है, जहां प्रतिदिन 800 पैकेट मशरूम बीज का निर्माण किया जा रहा है। जिसे जशपुर, कोरबा व बिलासपुर जिलों के साथ उडीसा के विभिन्न जिलों में आपुर्ति की जा रही है। जिसमें अभी तक 1.50 लाख पैकेट मशरूम बीज निर्माण व उसका विक्रय कर 33 लाख रूपए की धनराशि अर्जित की गई। आज जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार की इस बहुउद्देश्यीय परियोजना क्षेत्र के लिए आयअर्जन का अनुठी व एक सशक्त विकल्प के रूप में स्थापित हो चुकी है। तमनार क्षेत्र की इन महिलाओं ने सिद्ध कर दिखाया कि कुछ कर गुजरने की चाह व हौसले बुलंद हो तो कठिन से कठिन कार्य भी आसान हो जाता है।

- क्षेत्रीय ग्रामीण महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की ओर

पुसौर बीईओ को पता नहीं है ब्लॉक के स्कूलों में दर्ज छात्रों की संख्या

पुसौर। शासन द्वारा 10-12 वीं की परीक्षा फरवरी-मार्च में कराने का निर्णय लिया गया है। ऐसी स्थिति में साईंस के विद्यार्थियों को परीक्षा के पूर्व प्रेक्टिकल परीक्षा से गुजरना पड़ता है जिसके लिए प्रयोगशाला में संबंधित उपकरण के साथ उसके सहयोगी सामग्री की भी जरूरत होती है। क्षेत्र के स्कूलों में प्रायोगिक सामग्रियों की स्थिति जानने के लिए पुसौर बीईओ से 10-12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या चाही गई। यह जानकारी बीईओ नहीं दे सके। इसी कडी में बीते बोर्ड परीक्षा में असफल हुए विद्यार्थियों के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं इस पर इन्होंने बताया कि इन्हें 5 साल का परीक्षा प्रश्न पत्र देकर तथा लगातार होम वर्क दिया जाकर तैयारी किया जा रहा है। पूर्व में एमडीएम में हुए लगभग 25 लाख गड़बड़ी के संबंध में जानकारी ली गई। जिसमें इन्होंने बताया कि डीपीआई में जांच हो चुकी है और विभाग द्वारा संबंधित दोषी लिपिक को निलंबित कर बहाल भी किया जा चुका है। इसका मतलब है कि 25 लाख की गड़बड़ी करने वाले को सस्पेंड करना ही उसका दंड है।

राष्ट्रीय सेवा योजना कोसीर इकाई की 05 दिवसीय शिविर का उद्घाटन

कोसीर। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबंध शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन कुम्हारी के पूर्व माध्यमिक शाला में नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम के तहत जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया के आतिथ्य में प्रारंभ किया गया।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती राजेश्वरी नवरत्न चंद्रा सरपंच कुम्हारी, कार्यक्रम अध्यक्षता एसपी भारती प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर, व्याख्याता नवधा राम कोसले, विजय महिलाने, उत्तम कुर्रे, मधु महोबिया, श्रीमती प्रियंका तिग्गा की उपस्थिति में प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद की तैल चित्र में दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम संचालन राजकुमार जांगड़े कार्यक्रम अधिकारी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अतिथियों का स्वागत कराए। जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने संबोधन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की गठन और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा और उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाले । राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस उद्देश्य छात्रों में सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास की भावना को बढ़ावा देना। व्यक्तित्व विकास के माध्यम से उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना। समाज के वंचित वर्गों की सेवा करना और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना। शिक्षा और सेवा को जोड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना। एनएसएस का मूल उद्देश्य है। इसके तहत छात्र विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हैं जैसे स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, बाढ़ राहत और शिक्षा जागरूकता। कार्यक्रम अधिकारी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिविर पर अपनी बात रखे विद्यार्थी यहां गांव में रखकर 5 दिन तक गांव में जागरूकता का संदेश देंगे। वहीं प्राचार्य एसपी भारती ने शिविर के लिए कार्यक्रम अधिकारी को बधाई और उनके उपस्थिति में रहकर विद्यार्थी अपने जीवन मूल्यों को समझेंगे साथ ही साथ शिविर से समाज को जागरूकता का संदेश देकर जाकरुक करेंगे। शिविर के पहले दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों में उत्साह दिखा।

पुलिस लाइन उर्दना में एसपी ने ली परेड की सलामी

रायगढ। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने पुलिस लाइन में आयोजित जनरल परेड में परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। जिसमें शहरी और देहात थानों के पुलिस बल के साथ रक्षित केंद्र के अधिकारी तथा जवान निर्धारित शीतकालीन वेशभूषा में अनुशासन के साथ उपस्थित रहे। निर्धारित क्रम में हुए मार्च पास्ट के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक निर्देश दिए।

परेड पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा और डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह मौजूद रहे। रक्षित निरीक्षक अमित सिंह ने परेड कमांड संभाला। इसके बाद एसपी समेत अधिकारी और जवान वार्षिक चांदमारी के लिए फायरिंग रेंज पहुंचे और तय कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण एवं अभ्यास में हिस्सा लिया।

शैक्षणिक भ्रमण में स्कूली बच्चों ने जाना बिजली उत्पादन की आधुनिक प्रक्रिया

पुसौर। तहसील मुख्यालय पुसौर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को उद्योगों के वास्तविक कार्य संस्कृति से परिचित कराने तथा उनके तकनीकी ज्ञान को सुदृढ़ करने के लिए उड़ान योजना के तहत अडानी पावर लिमिटेड का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ जिसमें उन्होंने बड़े उद्योगों में अपनाई जाने वाली आधुनिक तकनीकों सुरक्षा प्रक्रियाओं तथा विद्युत उत्पादन की पूरी प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझा।

भ्रमण के दौरान कंपनी के तकनीकी अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बिजली उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया कंट्रोल रूम संचालन पर्यावरण संरक्षण उपाय कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्थाएँ मशीनों की कार्यप्रणाली तथा संयंत्र में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने संयंत्र की विभिन्न इकाइयों बॉयलर सेक्शन टरबाइन क्षेत्र कूलिंग टॉवर तथा कंट्रोल कक्ष का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। साथ ही उन्हें ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों आवश्यक दक्षताओं और भविष्य की संभावनाओं के संबंध में भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों ने उद्योग विशेषज्ञों से उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे जिनका समाधान अधिकारियों द्वारा सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के साथ किया गया। इससे विद्यार्थियों के भीतर ऊर्जा क्षेत्र के प्रति रूचि और जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली।

मुकडेगा के सहायक समिति प्रबंधक निलंबित

रायगढ़। सहकारिता विभाग के प्रभारी उप आयुक्त ने बताया कि निरीक्षण के दौरान धान उपार्जन केंद्र मुकडेगा के सहायक समिति प्रबंधक तेलूराम सिदार लगातार अनुपस्थित पाए गए। सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखंड लैलूंगा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में भी यह पुष्टि हुई कि निरीक्षण के समय सिदार ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे। जिला प्रशासन ने पाया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुकडेगा संख्या 177 के सहायक समिति प्रबंधक द्वारा धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, उदासीनता और जिम्मेदारीहीन व्यवहार प्रदर्शित किया जा रहा था, जिससे उपार्जन प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सहायक समिति प्रबंधक तेलूराम सिदार को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी कार्य में संलग्न सभी कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम लागू किया गया है। इसके तहत किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीर अनुशासनहीनता माना जाता है। कलेक्टर कहा कि धान खरीदी जैसे व्यापक जनहित के कार्य में किसी भी कर्मचारी की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। सभी केंद्रों की मॉनिटरिंग नियमित एवं कड़ाई से जारी रहेगी।

भरतपुर सोनहत के पूर्व विधायक कमरो का नाम धरमजयगढ़ विस में, बीएलओ को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से जारी है। बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया की जा रही है। इसी प्रक्रिया के दौरान हुई एक तकनीकी त्रुटि पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सुधारात्मक कदम उठाए हैं। मनेन्द्रगढ़ जिले की विधानसभा क्रमांक 1 भरतपुर सोनहत के पूर्व विधायक गुलाबसिंह कमरो ने 21 नवम्बर को सूचना दी थी कि उनका नाम गलती से जिला रायगढ़, विधानसभा 19 धरमजयगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 169 कया 1 तहसील घरघोड़ा के मतदाता गुलाब महंत पिता आनंद उम्र 25, ईपीआईसी नं. एलएससी 1058569 वर्ष के स्थान पर मैप हो गया है। नाम एवं पिता का नाम समान होने के कारण यह त्रुटि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन में हुई।

पेज 1 का शेष

शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों ...

असम एवं अन्य राज्यों की पारम्परिक वेशभूषा पहने हूए छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। स्कूल के सभी क्लास के छात्र छात्राओं ने बारी बारी से स्टेज में आकर तेज तर्रार अंग्रेजी बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि से लेकर सभी आये गेस्ट के सम्मान में बातें कहीं।

ओपी जिंदल स्कूल में लगा माइंड स्पार्क विज्ञान और तकनीकी प्रदर्शनी

तमनार। ओपी जिंदल स्कूल सावित्रीनगर में 27 नवंबर को एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्राचार्य राकेष शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर सभा का शुभारंभ किया।

तत्पश्चात मंच से विज्ञान पर आधारित विचार प्रस्तुत किया गया। मंच पर ही नन्हे वैज्ञानिकों ने आँखों को यकीन न होने वाले जादू के कई खेल दिखाए जो वस्तुतः विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित थे। विज्ञान से संबंधित प्रश्नावली भी दर्शक दीर्घा में बैठे बच्चों से पूछे गए। सभा को मनोरंजक बनाने हेतु गीत और नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। नन्हें बच्चों ने इस अवसर पर अलबर्ट आइंस्टीन, न्यूटन, दर्शना रंगनाथन, रामानुजन, इंदिरा हिंदुजा, सुधामूर्ति, डा. सोमनाथ और एस स्वामीनाथन जैसे मशहूर हस्तियों की वेषभूषा में उनके दिए योगदान का उल्लेख किया। स्कूल के प्राचार्य राकेश शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में जिज्ञासा की भावना और प्रश्न करने की प्रवृत्ति पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। बच्चों ने अलग अलग कक्षाओं में रखे गए विज्ञान के कार्यकारी माडल एवं परियोजना के सिद्धांतों को निर्णायक मंडली के समक्ष पूरे आत्मविश्वास के प्रस्तुत किया, इनमें सौर ऊर्जा, सड़क सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, बाढ़ चेतावनी प्रणाली, पर्यावरण, कचरे से ऊर्जा आदि से संबंधित माडल सबसे ज़्यादा सराहे गए। माता पिता, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है और भविष्य में देश को नवीन शोधकर्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों की एक नई पीढ़ी मिलती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्याध्यापक केके पाण्डेय एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष लोकनाथ प्रधान का विशेष योगदान रहा।

*रायगढ़। जूटमिल पुलिस ने ग्राम बनसिया में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बनसिया निवासी अनुज जाटवर स्कूटी में देशी, महुआ और विदेशी शराब रखकर गली रोड में अवैध बिक्री करता है।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह नवंबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह नवंबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 दिसंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
80 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411